## बार्सिलोना छोड़ने की खबरों पर मेस्सी ने साधी चुप्पी

**बार्सिलोना | 15 नवंबर | एजेंसी**

लियोनल मेस्सी का अनुबंध 2018 में पूरा होने के बाद सभी उनके बार्सिलोना छोड़ने की संभावना पर बात कर रहे हैं, लेकिन इस दिग्गज फुटबॉलर ने चुप्पी साध रखी है.

खेल समाचार पत्र 'मार्का' में खबर छपी है कि मेस्सी ने बार्सिलोना से कह दिया है कि वह अनुबंध बढ़ाने के इच्छुक नहीं हैं, जिसके बाद इस खिलाड़ी ने ना तो इसकी पुष्टि की है और ना इससे इनकार किया है. मेस्सी के प्रतिनिधि ने कहा है कि यह फुटबॉलर इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेगा.

स्पेन में मेस्सी और उनके पिता को कर अधिकारियों ने कर धोखाधड़ी का दोषी ठहराया था और समाचार पत्र ने कहा है कि इस खिलाड़ी के फैसले में इसकी बड़ी भूमिका है.




लोकमत समूह की ओर से 11 दिसंबर को आयोजित होने वाली 'लोकमत औरंगाबाद मैराथन' में अपना स्थान निश्चित करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में ग्राइंड मास्टर के कर्मचारी. चित्र में बाएं से परमेश्वर सोनवणे, अजिंक्य कुलकर्णी, अभिजीत कांबले, समीर केलकर (सीईओ), अनिल खंडागले, राजू बुधवंत, चंदन राजपूत, प्रशांत येवले, विलास दाभाड़े, निलेश तलवारे, विजय खवके, अविनाश शिंदे, कृष्णा विशिंग, समाधान सोलुंके, सचिन दुर्गिस्त

Organised by लोकमत | Powered by YOU TOO CAN RUN | Health & Fitness Partner RELAX-ZEAL | Mall Partner PROZONE LIFE BEGINS HERE | Food Partner KREAMN KRUNCH GLOBAL DINING

# महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

### शहर के विभिन्न स्थानों पर खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन

**औरंगाबाद | 15 नवंबर | लोस सेवा**

महापौर ट्रॉफी मिनी ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन कल, 16 नवंबर से किया जा रहा है. प्रतियोगिता का उद्घाटन कल सुबह दस बजे डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा परिसर में स्पोर्ट्स एथॉरिटी ऑफ इंडिया के मैदान पर होगा.

आयोजन विभिन्न खेलों की अलग-अलग स्थानों पर प्रतियोगिताएं होंगी. इसमें 16 से 18 अगस्त के बीच आमखास मैदान पर फुटबॉल प्रतियोगिता, संभागीय क्रीड़ा संकुल में वॉलीबॉल, कांचनवाड़ी स्थित राजे संभाजी संकुल में 'खो-खो', सांस्कृतिक मंडल मैदान में बास्केटबॉल, विश्वविद्यालय परिसर में एथलेटिक्स, मराठवाड़ा सांस्कृतिक मंडल परिसर में जिम्नास्टिक, 'एमजीएम' में तैराकी, उस्मानपुरा परिसर में पॉवर लिफ्टिंग, टेबल टेनिस, बंसीलालनगर / वेदांतनगर के मनपा हॉल में बैडमिंटन, संभागीय क्रीड़ा संकुल में कुश्ती, तलवारबाजी, जूडो, ताइक्वांडो, 'साई' में बॉक्सिंग, हॉकी, 'एमजीएम' में पैरा ओलंपिक, कलश मंगल कार्यालय में 'शतरंज', एसएफएस और गरवारे स्टेडियम में क्रिकेट, गरवारे कम्युनिटी सेंटर में योगा, सिडको एन-3 में स्केटिंग, संभागीय क्रीड़ा संकुल में सॉफ्टबॉल, जम्प रोप, मराठवाड़ा सांस्कृतिक मंडल में लंगड़ी, संभागीय क्रीड़ा संकुल में स्नूकर, सिडको एन-3 में लॉन टेनिस प्रतियोगिताएं होंगी.

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर महापौर त्र्यंबक तुपे, उप महापौर प्रमोद राठौड़, स्थाई समिति के सभापति मोहन मेघावाले, सभागृह नेता राजेंद्र जंजाल, विपक्षी नेता अयूब जागीरदार, मनपा आयुक्त ओमप्रकाश बकोरिया, उपायुक्त अयूब खान, मुख्य लेखाधिकारी संजय पवार, क्रीड़ा क्षेत्र से जुड़े जसप्रीत सिंह भाटिया, गणेश फड, डॉ फूलचंद्र सलामपुरे, डॉ उदय डोंगरे, मनपा क्रीड़ा अधिकारी संजीव बलैया आदि उपस्थित रहेंगे.

## राहुल की वापसी, गौतम गंभीर का स्थान खतरे में

**विशाखापट्टनम | 15 नवंबर | एजेंसी**

ओपनर लोकेश राहुल चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं, जबकि राजकोट में पहले टेस्ट में निराश करने वाले अनुभवी बल्लेबाज गौतम गंभीर के बाहर बैठने की आशंका है.

राहुल को गत माह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान कानपुर में पहले टेस्ट में हैमस्ट्रिंग चोट लग गई थी, जिसके बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो और इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट में नहीं खेल पाए. टीम प्रबंधन ने ओपनिंग बल्लेबाज की फिटनेस पर संतोष जताते हुए उन्हें विजाग टेस्ट के लिए उपलब्ध बताया है. राहुल ने विजयनगरम में चल रहे कर्नाटक के लिए रणजी मैच में राजस्थान के खिलाफ 76 और 106 रन की पारियां खेली हैं. राहुल ने दूसरी पारी में 131 गेंदों पर 106 रन में 13 चौके और चार छक्के भी लगाए. कुंबले ने भी दूसरे टेस्ट से पहले बताया कि राहुल अब फिट हैं और टीम में चयन के लिए उपलब्ध हैं.




2102.2016




*As per ARAI figures, test results of Rule 115 of CMVR on KWID AMT. #The price mentioned is STD variant ex-showroom Pune. Accessories, features and colour shade shown may not be part of the standard fitment and will differ variant wise. For detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

**SHOWROOMS: MAHARASHTRA: AURANGABAD:** RENAULT Aurangabad Mob: +91 7304693373. **AHMEDNAGAR:** RENAULT Ahmednagar Mob: +91 7620514361. **LATUR:** RENAULT Latur Mob: +91 7304649853. **NANDED:** RENAULT Nanded Mob: +91 7304406276. **BEED:** RENAULT Beed Mob: +91 7304780233.

L&K | SAATCHI & SAATCHI